SRI GURU NANAK DEV KHALSA COLLEGE
Dev Nagar, Delhi - 110005

Post-Event Report

Event	व्याख्यान
Topic	"हिंदी का भविष्य और भविष्य की हिंदी"
Organizer	हिंदीसाहित्यसभा "मंथन"
Date	17 अक्टूबर 2024
Time	दोपहर 1.00 बजे
Duration	02 घंटे
Place/Platform	संगोष्ठी कक्ष
Number of Participants	62
Guest Speaker/Trainer	डॉ. सुनील कुमार 'विपुल'
Welcome Speech	प्रो. दीपमाला (हिंदी विभाग प्रभारी)
Introduction to the Speaker	डॉ. राज कुमार शर्मा

Activities

नई दिल्ली: श्री गुरु नानक देव खालसा महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी तथा हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की हिंदी साहित्य सभा "मंथन" द्वारा दिनाँक 17 अक्टूबर 2024 को "हिंदी का भविष्य और भविष्य की हिंदी" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें हिंदी भाषा और साहित्य में रोजगार की संभावनाओं, भविष्य की हिंदी, और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विमर्श किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शबद गायन, दीप प्रज्ज्वलन और एवं अतिथि स्वागत से हुई। प्रो. दीपमाला के स्वागत वक्तव्य के उपरांत, अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. सुनील कुमार 'विपुल' हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्याल ने हिंदी पत्रकारिता, हिंदी भाषा और साहित्य के विविध आयामों पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने बताया कि पत्रकारिता में भाषा का गहन ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है, विशेषकर प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और न्यू मीडिया के तेजी से बढ़ते दायरे में। उन्होंने प्रभावी हिंदी लेखन की महत्ता पर बल दिया ताकि पत्रकार बेहतर ढंग से पाठकों तक पहुँच सकें। बाजार में हिंदी की बढ़ती माँग को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं तक पहुँच बढ़ाने के लिए हिंदी को प्राथमिकता दी जा रही है, जो रोजगार के नए अवसर भी लेकर आ रही है। हिंदी के प्रति समाज में व्याप्त उदासीनता को दूर करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने छात्रों से इसे सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपनाने का आग्रह किया।

डॉ. विपुल ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि हिंदी का लचीलापन उसकी दीर्घकालिक प्रासंगिकता का आधार है, और कौशल विकास को समय की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने छात्रों को अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें। हिंदी के वैश्विक प्रसार की ओर इशारा करते हुए उन्होंने बताया कि वर्तमान में 169 विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी

SRI GURU NANAK DEV KHALSA COLLEGE
Dev Nagar, Delhi - 110005

पढ़ाई जा रही है और भविष्य में यह विश्व की दस प्रमुख भाषाओं में से एक होगी। उक्त कार्यक्रम कार्यक्रम में हिंदी तथा हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार के सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। बताते चले कि आभार ज्ञापन श्री महेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। वहीं मंच संचालन स्नातक हिंदी विशेष तृतीय वर्ष की छात्रा आयुषी कुमावत और हिंदी पत्रकारिता द्वितीय वर्ष के छात्र सौरभ मिश्रा ने किया।	
Main Ideas	
Vote of thanks	श्री महेंद्र प्रताप सिंह

Poster (Attach below)

Pictures (Attach Five Photos)

SRI GURU NANAK DEV KHALSA COLLEGE
Dev Nagar, Delhi - 110005

SRI GURU NANAK DEV KHALSA COLLEGE
Dev Nagar, Delhi - 110005

Attach Photocopy of two Certificates.

हस्ताक्षर:

डॉ. राज कुमार शर्मा
(संयोजक)
(हिंदी साहित्य सभा "मंथन")